# राजस्थान उच्च न्यायालय, जयपुर पीठ, जयपुर

**आदेश**

एकलपीठ सिविल रिट पिटीशन नम्बर 6815/2009

रविन्द्र कुमार शर्मा व अन्य

बनाम

राज. राज्य व अन्य

आदेश दिनांक मई 29, 2009

**उपस्थित**

**माननीय न्यायाधिपति श्री मोहम्मद रफीक**

श्री प्रवीण शर्मा,अधिवक्ता याचीगण

श्री दिनेश यादव, अतिरिक्त महाधिवक्ता

अयाचीगण को रिट याचिका के नोटिस जारी किये जावे।

विद्वान अतिरिक्त महाधिवक्ता श्री दिनेश यादव, जो कि न्यायालय में उपस्थित है, अयाचीगण की तरफ से नोटिस स्वीकार करते है।

प्रकरण को गुणावगुण पर सुना गया।

याचीगण के विद्वान अधिवक्ता ने इस न्यायालय द्वारा समान प्रकृति के प्रकरण मनोज कुमार शर्मा व अन्य बनाम राजस्थान राज्य व अन्य, जो एकलपीठ सिविल रिट याचिका सख्या 4298/2008 एवं समान प्रकृति की अन्य याचिकाओं में दिनांक 15/05/2009 को निर्णय पारित किया गया है, का अवलंब लेते हुए यह तर्क दिया कि प्रस्तुत प्रकरण में उठाये गये बिन्दू उक्त निर्णय से पूर्णतया आच्छादित है।

राज्य सरकार की तरफ से उपस्थित विद्वान अतिरिक्त महाधिवक्ता यह विवादित करने की स्थिति में नहीं है कि प्रस्तुत प्रकरण किसी भी प्रकार से मनोज कुमार शर्मा व अन्य बनाम राजस्थान राज्य व अन्य (उपरोक्त उद्वत) के प्रकरण से भिन्न है।

परिणामत: यह रिट याचिका स्वीकार की जाती है तथा यह निर्देश दिया जाता है कि उक्त निर्णय में दिये गये निर्देश प्रस्तुत प्रकरण में अक्षरक्ष: लागू रहेंगे तथा अयाचीगण तदनुरूप दिये गये निर्देशों की पालना करने के लिए बाध्यकारी होंगे।

**(न्या0 मोहम्मद रफीक)**

बीएलजैन